**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–28.06.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार करेंगे साझा, मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 123वीं कड़ी।**
2. **केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और सीपीएम नेता वृंदा करात, ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात, शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी।**
3. **भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने रांची में कहा– मुस्लिम वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए केंद्र सरकार ने वक्फ कानून में किया है संशोधन।**
4. **राज्य में महिला कर्मियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए उपलब्ध होगा शी–बॉक्स नामक सिंगल विंडो सिस्टम।**
5. **राज्य के कई हिस्सों में रूक–रूककर हो रही बारिश, मौसम विभाग ने कल रांची, चतरा, हजारीबाग समेत छह जिलों में बारिश को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**

**और अब समाचार विस्तार से**

**************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**************************

केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ तथा सीपीएम की वरिष्ठ नेता बृंदा करात ने आज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

इधर गुरुजी की सलामती को लेकर आज गढ़वा के बंशीधर मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गयी। इस मौके पर भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव मौजूद रहे।

वहीं, राज्य के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि गुरुजी की सलामती के लिए वे भी पूजा अर्चना कर रहे हैं।

**************************

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वक्फ कानून में किया गया संशोधन मुस्लिम वर्ग के लोगों के लिए हितकर है। श्रीइस्लाम आज राजधानी रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून में संशोधन का सीधा फायदा मुस्लिम समुदाय के लोगों को मिलेगा.।

**************************

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों को अगले सप्ताह मई महीने की राशि उनके खातों में हस्तांतरित करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसे लेकर सामाजिक सुरक्षा निदेशालय ने सभी जिलों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किया है।

**************************

झारखंड में महिला पुलिसकर्मियों के साथ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए अब **शी–बॉक्स** नामक एक सिंगल विंडो सिस्टम उपलब्ध होगा। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में झारखंड के डीजीपी, होमगार्ड डीजी और जेल आईजी को निर्देश जारी किया है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित **शी–बॉक्स** पोर्टल का मुख्य लक्ष्य प्रत्येक क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मियों को यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें दर्ज करने के लिए एक एकीकृत और सुलभ मंच प्रदान करना है।

**************************

**प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना** स्थानीय ग्रामीणों की सामाजिक और आर्थिक विकास में सहभागी बन रही है। हज़ारीबाग जिले के बुंडू गांव में मत्स्य पालन रोजगार का एक अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। मछली पालकों ने अपनी सफलता की कहानी बयां की।

वहीं हजारीबाग के जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मछली पालन से जुड़ने के बाद पिछले तीन सालों मे इस गांव ने काफ़ी तरक्की की है।

**************************

देवघर जिले में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से कई विकास योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**************************

बोकारो जिले की पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री संचालक और अवैध शराब के कारोबारी सूरज कुमार साव को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि मिनी गन फैक्ट्री का संचालक सूरज कुमार साव था। इस मामले में एक अन्य सूरज प्रजापति को भी गिरफ्तार किया गया है।

**********************

रामगढ़ के रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा के लिए पटना से आए एक परिवार का बच्चा नहाने के दौरान भैरवी नदी में बह गया। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है।

**********************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय पद पर बहाली की प्रक्रिया स्थगित नहीं हुई है। नियोजनालय में आज रजिस्ट्रेशन के साथ बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र जमा किया है।
- खूंटी परिसदन में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरुण संगा की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर युवा साथियों को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी गई।
- गुमला जिले के उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने आज ग्यारह योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशानिर्देश दिया।
- हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल की ओर से 29 जून से सांसद तीर्थ दर्शन का शुभारंभ किया जाएगा।
- गढ़वा व्यवहार न्यायालय में आज मासिक लोक अदालत का आयोजन कर दो सौ दस मामलों का निष्पादन किया गया।

**********************

राज्य के कई हिस्सों में रूक–रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कल रांची, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़ और गुमला में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********************

भारतीय हॉकी टीम में रहकर कमाल करनेवाले झारखंड के हॉकी खिलाड़ी माइकल किंडो की जयंती पर आज श्रद्धांजलि दी गई। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि उनका अद्‌भुत कौशल खिलाड़ियों की कई पीढ़ियों को प्रेरित करता है। बता दें कि माइकल किंडो झारखंड के इकलौते ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने भारत के पुरुष हॉकी टीम को विश्वकप में तीनो पदक 1971 में कांस्य, 1973 में रजत और 1975 में स्वर्ण पदक दिलाया था।

******************